स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता (4S)

स्रोत: पी.आई.बी

स्वच्छ भारत मिशन (SBM) की थीम **'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता (4S)' 2024 के साथ नई दिल्ली में एक अभियान की शुरुआत की गई**।

- इसके अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा **अत्यंत दुर्गम और गंदे स्थानों के समयबद्ध एवं लक्षित बदलाव** पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
    - अभियान का मुख्य आकर्षण **'स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों (CTU)' की शुरुआत है**, जिसके तहत एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से इन इकाइयों की पहचान और मानचित्रण किया जाएगा।

'4S' 2024 अभियान के तीन स्तंभ:

- **स्वच्छता की भागीदारी:** स्वच्छ भारत के लिये सार्वजनिक भागीदारी, जागरूकता और समर्थन।
- **संपूर्ण स्वच्छता:** अत्यंत दुर्गम और गंदे स्थानों (स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों) को लक्ष्य बनाकर मेगा स्वच्छता अभियान।
- **सफाईमित्र सुरक्षा शिविर:** सफाई कर्मचारियों के कल्याण और स्वास्थ्य के लिये एकल खिड़की सेवा, सुरक्षा एवं मान्यता शिविर।
- **स्वच्छ भारत मिशन (SBM):** इस पहल का उद्देश्य स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने, दैनिक आदतों में**स्वच्छता को एकीकृत करने और स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण** बनाए रखने में सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में बदलाव को प्रेरित करना है।

और पढ़ें... स्वच्छ भारत मिशन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swabhav-swachhata-sanskaar-swachhata-4s-